NORTH CENTRAL RAILWAY EMPLOYEES SANGH

Registered, Recognised & Affiliated to N.F.I.R. & I.N.T.U.C.
Central Office : 464/B, Nawab Yusuf Road, Allahabad (U.P.)

No. 180 / NCRES / 19 दिनांकः– 08.07.2019

श्रीमान महाप्रबन्धक
नार्थ सेन्ट्रल रेलवे, इलाहाबाद

विषयः– इलाहाबाद मंडल के कार्यालयों, रोड साइड के स्टेशनों व कालोनियों में पीने के पानी की समस्या।

सन्दर्भः– NCRES का पत्र संख्या 123 / NCRES / 19 दिनांक 30.04.2019

महोदय,

NCRES ने अपने पत्र दिनांक 30.04.2019 द्वारा मण्डल रेल प्रबन्धक कार्यालय, इलाहाबाद एवं इलाहाबाद मण्डल के अन्तर्गत कार्यालयों तथा रोड साइड स्टेशनों व कालोनियों में पीने के पानी की समस्या के बारे में अवगत कराते हुये रोड साइड स्टेशनों के खराब एवं कार्य न कर रहे हैण्डपम्पों की सूची दिया था, लेकिन खेद के साथ बताना पड़ रहा है कि पानी की समस्या में कोई सुधार नही हुआ।

यह भी अवगत कराना है कि दिनांक 30.04.2019 के पत्र के साथ दी गई सूची में "लूसा" स्टेशन पर 2 खराब पम्प दर्शाये गये थे लेकिन माह जून के अन्तिम सप्ताह की स्थिति यह थी कि "लूसा" के 4 हैण्डपम्पों में से 3 कार्य नही कर रहे थे और पानी की समस्या के कारण कर्मचारियों में आक्रोश है।

NCRES को यह भी अवगत कराना है कि आगरा और झांसी मण्डल के अन्तर्गत भी पानी की समस्या है, अतः NCRES का अनुरोध है कि नार्थ सेन्ट्रल रेलवे जोन के अन्तर्गत पानी की समस्या पर विशेष ध्यान दिया जाय।

(आर. पी. सिंह)
महामंत्री